Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 14-03-2007

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

>

Title: Need to expedite the construction of National Highway in Bihar - laid.

श्री राम कृपाल यादव (पटना): महोदय, बिहार में चयनित एन.एच. स्कीम के अधीन 892 किलोमीटर सड़कें, जो प्रथम एवं दूसरे चरण में स्वीकृत हुई थीं। उन पर अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है। पूरे देश में तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे चरण का कार्य प्रगति पर है, किन्तु बिहार, जो देश का सर्वाधिक पिछड़ा राज्य है, वहां के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। बिहार में एन.एच. पर कार्य नहीं होने से कई अन्य राज्य भी प्रभावित हो रहे हैं, क्योंकि बिहार से होकर एन.एच. दूसरे राज्यों को जोड़ता है। पूरे राज्य में एन.एच. एवं वहां की अन्य सड़कों की हालत बहुत ही खराब है। लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सड़क ही वहां आवागमन का मुख्य साधन है।

मैं इस सदन के माध्यम से माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकृट करता हूं और आग्रह करता हूं कि बिहार में भी एन.एच. का कार्य तेजी से कराने की कृपा करें। साथ ही साथ फेज़ तीन, चार, पांच एवं छः में चयनित बिहार की सड़कों के लिए भी उचित कदम उठाने की कृपा करें।